आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ.

# मिशन शिक्षण संवाद



काव्यांजलि

मिशन शिक्षण संवाद







# अंकुरम्



लॉक डाउन अवधि के दौरान बच्चों द्वारा किया गया काव्य सृजन



## बाल रचनाकार

सुहानी, संजना, श्वेता, संस्कृति, स्वाती, प्रियंका
ममता, विशाखा, कौशकी, सुष्मिता आदि

उ० प्रा० वि० चित्रवार, क्षेत्र- मऊ, जनपद- चित्रकूट



संकलन एवं मार्गदर्शन-
राज कुमार शर्मा (प्र०अ०)



सुझाव या शिकायत के लिए व्हाट्सएप करें.. 94582 78429

# मिशन शिक्षण संवाद

## काव्यांजलि 925

दिनांक 13जून 2020

दिन शनिवार

पाठ-23



आपका दिन शुभ हो।

कक्षा-8,विषय-महान व्यक्तित्व

## ◆··सन्त गाडगे बाबा··◆



थाली न यदि घर में हो तो,
हाथ पे खाना,खाना तुम।
पत्नी के लिए कम दाम की साड़ी,
मार्केट से ले आना तुम।

कितना कठिन समय पड़ जाए,
सब कुछ बस सह जाना तुम।
एक बात की भूल न करना,
बच्चों को खूब पढ़ाना तुम।।

शिक्षा ही जीवन देती है,
शिक्षा ही देती संस्कार।
सन्त गाडगे बाबा का,
कहना भूल न जाना तुम।।



रचना-सुष्मिता द्विवेदी (छात्रा)
UPS, चित्रवार,ब्लॉक-मऊ
जनपद-चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



दिनांक 6जुलाई 2020

# काव्यांजलि


972

दिन सोमवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा-जूनियर स्तर,विषय-हिन्दी

## [•प्रमुख रचनाएँ एवं कवि•]




साखी, रमैनी कबीर की रचना,
मानस तुलसी दास।

वाल्मीकि ने लिखी रामायण,
सारावली सूरदास।

केशवदास की राम चन्द्रिका,
उर्वशी लिखी थी दिनकर।

सांध्यगीत महादेवी की
रचना,सुंदर गीत मनोहर।।


रचना-सुहानी गौतम(छात्रा.)
UPS, चित्रवार,ब्लॉक-मऊ
जनपद-चित्रकूट


शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 9 जुलाई 2020

## काव्यांजलि 977

दिन गुरुवार

आपका दिन शुभ हो।

### कक्षा-प्राथमिक स्तर, विषय-गणित

## •खाद्य वस्तुएं एवं ज्यामितीय आकार•



नींबू गोलाकार है, बनता अचार है,
स्वाद मजेदार है, चख-चख –चख।।



लड्डू गोलाकार है, मिठाई का सरदार है,
बस एक बार में ही गप-गप-गप।।

कचौड़ी वृत्ताकार है, स्वादिष्ट आहार है,
बड़ी मजेदार है चख-चख-चख।।



बर्फी घनाकार है, मिठाई का संसार है,
बस थोड़ा थोड़ा सा चख- चख-चख।।



रचना-ज्योति मिश्रा (छात्रा)
UPS, चित्रवार, ब्लॉक-मऊ
जनपद-चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।





# मिशन शिक्षण संवाद

## बाल काव्यांजलि

बेसिक की बाल प्रतिभाओं का उन्नयन मंच

दिनांक
10 अगस्त 2020

दिवस
सोमवार


कक्षा
7

विषय
विज्ञान

## फलों के खाये जाने वाले भाग

(तर्ज़- बाबुल का ये घर बहना)





आओ प्यारे बच्चों,
एक बात बताते हैं।
फल के खाये जाने वाले,
भागों से मिलाते हैं।।







पपीते का खाया जाता, मध्य फलभित्ति है।
टमाटर का भी लाल-लाल, मध्य फलभित्ति है।।
नारियल का भ्रूणपोष, सब कोई खाते हैं।
सेब, नाशपाती का, पुष्पासन भाग खाते।।
मूँगफली का भ्रूण, मध्य भाग केले का खाते।
नारंगी फल के हम, रसीले तन्तु खाते हैं।।

06





## रचना

संजना मिश्रा (कक्षा-8)
मार्गदर्शक शिक्षक- आर.के.शर्मा (प्र०अ०)
UPS चित्रवार, मऊ (चित्रकूट)



# नित्य गीतिका

मंगलवार,25 अगस्त 2020

बाल कविता

## पारिवारिक रिश्ते

09



Mother हमारी मम्मी प्यारी।
है दुनिया में सबसे प्यारी।।
Father पिता है बड़े महान।
इनसे ले लो सारा ज्ञान।।

Grand Father है दादा आये।
Grand Mother दादी को लाये।।
Uncle चाचा तरबूज़ लाये।
Aant चाची मजे से खाये।।

Brother है भाई, Sister बहन।
पर्व मनाते रक्षाबंधन।।
Niece भतीजी और भाँजी।
स्कूल में बोलें Yes Sir, सर जी।

Nephew भतीजा और भाँजा।
खाना खाओ ताजा-ताजा।।
Son बेटा जी गए ननिहाल।
पहने हुए शर्ट थी लाल।।

रचना- सुहानी गौतम (कक्षा- 8)
यूपीएस, चित्रवार
ब्लॉक- मऊ, जनपद-चित्रकूट




# नित्य गीतिका

गुरुवार, 26 अगस्त 2020


12

बाल कविता

## सौर परिवार



**Mercury है नम्बर One,**
**Venus नम्बर Two..**
**Three नम्बर पर Earth आता,**
**Four पर Mars को छू..**




**Jupiter Five नम्बर पर,**
**Six पर है Saturn..**
**Seven नम्बर पर Uranus,**
**Eight पर है Neptune..**

**सौरमण्डल में 8 प्लैनेटस,**
**घूमते दिन-रात।**
**Sun से चलते-चलते,**
**करते हैं वो बात।।**

**Sun ही इस सौर मण्डल का,**
**मुखिया कहलाता।**
**Eight ग्रहों और Sun से ही,**
**सौर परिवार बन जाता।।**

रचना- संजना मिश्रा कक्षा-8
यूपीएस, चित्रवार
ब्लॉक- मऊ, जनपद- चित्रकूट



# नित्य गीतिका

शुक्रवार, 27अगस्त 2020

13

बाल कविता

## 22 भाषाएँ

नेपाली, पंजाबी, कन्नड़, कश्मीरी है,
तेलगू, कोंकणी, गुजराती, डोंगरी है।

तमिल, मराठी, मलयालम, असमिया है,
बांग्ला, सिंधी, बोडो, भाषा ओड़िया है।।

मैथली, मणिपुरी, उर्दू, संथाली है,
हिन्दी, संस्कृत, भाषाएँ निराली हैं।

रचना- सुहानी गौतम, कक्षा-8
यूपीएस, चित्रवार
ब्लॉक- मऊ, जनपद- चित्रकूट



# नित्य गीतिका

बुधवार ,02 सितम्बर 2020

बाल कविता

## औषधीय पौधे

21



तुलसी पत्ती गले की खराश,
त्वचा रोग करें, दूर बुखार।
नीम की पत्ती रक्त शोधक है,
त्वचा रोग करे दूर जनाब।।

जड़ों का चूर्ण सर्प गन्धा का,
अनिद्रा, रक्तचाप मिटाये।
इसबगोल बीज की भूसी,
पेचिस, कब्ज को ठीक कराये।।

जामुन के बीजों का चूर्ण,
मधुमेह में लाभ पहुँचाता।
यूकेलिप्टस पेड़ का तेल,
जो जुकाम की दवा बन जाता।।

आँवला-हरड़-बहेड का चूर्ण,
उदर रोग में है हितकारी।
मुलेठी की जड़ को खाकर,
होती दूर गले की खराबी।।



रचना- संजना मिश्रा (कक्षा- 8)
यूपीएस, चित्रवार
ब्लॉक- मऊ, जनपद-चित्रकूट

# नित्य गीतिका

शनिवार, 05 सितम्बर 2020

*बाल कविता*

## *शिक्षक दिवस*

22



विद्या देते दान गुरुजी,
हर लेते अज्ञान गुरुजी।

अक्षर- अक्षर हमें सिखाते,
शब्द-शब्द का अर्थ बताते।
कभी प्यार से कभी डाँट से,
हमको देते ज्ञान गुरु जी।

धरती का भूगोल बताते,
इतिहासों की कथा सुनाते।
कभी पढ़ाते, कभी लिखाते,
नए-नए नित खेल सिखाते।

हमको देते ज्ञान गुरु जी,
हर लेते अज्ञान गुरुजी।।

गुरु और समुद्र दोनों गहरे हैं, पर दोनों में एक ही फर्क है- समुद्र की गहराई में इंसान डूब जाता है, और गुरु की गहराई में इंसान तर जाता है।



रचना- सुहानी गौतम (कक्षा- 8)
यूपीएस, चित्रवार
ब्लॉक- मऊ, जनपद-चित्रकूट

# नित्य गीतिका

गुरुवार,10 सितम्बर 2020

संकलन

## बुन्देली पहेलियाँ

27

01 एक लठिया की ऐसी कहानी,
ऊमे लुको है मीठो पानी।

02 भूरी बिलैया हरीरी पूँछ।
न जानो तो बऊ से पूँछ।

03 टूटे न बारी, एरोन होई,
पतरिया निकर गयो, छैकें न कोई।

04 तनक सौ लरका लये गुटान।
धर मसकै तोहले ज्वान।।

05 तनक सो सोनो, घर में नोनो।

06 चल्लाँ भरे रुपइया,
कौ है निगइया।

07 नॉय गई मॉय गई,
पइसा भर जगा में बैठ गई।

08 तन्नक सो रामदास,
कपड़ा पैरसो पचास।

09 अन्न खाय नै पानी पिए,
ठाड़े हिन्ना किचकिच करे।

उत्तर-1- गन्ना, 2- मूली, 3- सुई, 4- बिच्छू, 5- दीपक, 6- तारे, 7- लाठी, 8- प्याज,9- किंवाड़

संकलन- संजना मिश्रा (कक्षा- 8)
यूपीएस, चित्रवार
ब्लॉक- मऊ, जनपद-चित्रकूट



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
15 सितम्बर
2020

## काव्यांजलि
## 1057

दिन
मंगलवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 6

## विषय- भूगोल

## एशिया की नदियाँ

आओ बच्चों तुम्हें बताएं,
सुन लो धर के ध्यान।
एशिया महाद्वीप में बहती,
नदियों को हम लें जान।।



गंगा, यमुना, सतलज है,
दजला बहती इनके साथ।
इन नदियों को भी जानो,
ये नदियाँ भी हैं खास।।

ह्वांगहो, इरावदी, ब्रह्मपुत्र,
बहती है इनके पास।
हम सभी पढ़ेंगे मिलकर,
इन नदियों को साथ-साथ।।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।




रचना
संजना मिश्रा (छात्रा)
यूपीएस चित्रवार
मऊ, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद

## बाल काव्यांजलि

बेसिक की बाल प्रतिभाओं का उन्नयन मंच

दिनांक
28 सितम्बर 2020

दिवस
सोमवार

कक्षा
जूनियर स्तर

विषय
सामान्य ज्ञान

13

## राज्यों की महिला मुख्यमंत्री





सुचेता कृपलानी हैं,
मायावती सयानी हैं।
शीला दीक्षित थीं दिल्ली की C.M.
नन्दिनी सत्पथी उड़ीसा की C.M.
राबड़ी देवी थीं बिहार की C.M.





जय ललिता तमिलनाडु की C.M. थीं।
पंजाब की राजिन्दर कौर C.M.
गोवा की C.M. शशिकला काकोडकर हैं।
ममता बनर्जी बंगाल की C.M.





M.P. में C.M. उमा भारती थीं।
सुषमा स्वराज थीं दिल्ली C.M.
ये रहीं सभी प्रदेशों की C.M.




रचनाकार
सुहानी गौतम (कक्षा-8)
मार्गदर्शक शिक्षक- आर० के० शर्मा
UPS चित्रवार मऊ, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद



शिक्षक का सम्मान

## काव्यांजलि दैनिक सृजन

दिनाँक- 14-10-2020

712

दिन- बुधवार

### केरल का राजकीय वृक्ष नारियल

सागर तट का वृक्ष अनोखा,
भारत में मिल जाता।
श्रीलंका, वर्मा से भी इसका,
बहुत पुराना नाता।।

ताड समान वृक्ष यह लम्बा,
बिना डालियों वाला।
बारहमासी फल देता है,
लगता बड़ा निराला।।

शानदार फल कच्चे इसके,
सबकी प्यास बुझाते।
और पके फल से इसके हम,
व्यंजन कई बनाते।।

जटा-जूट, छिलके, जड़, पत्ते,
काम सभी हैं आते।
घर, औषधि, बर्तन, गद्दे तक,
इससे लोग बनाते।।



इसकी ताड़ी बड़ी निराली,
पीते और पिलाते।
कभी-कभी इसको पीकर के,
पक्षी धुत हो जाते।।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

संकलित रचना- संजना मिश्रा (छात्रा) कक्षा-8
यूपीएस, चित्रवार, मऊ, जनपद- चित्रकूट



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## काव्यांजलि-दैनिक सृजन

**787**

दिनाँक- 20.10.2020

दिन- मंगलवार

## देशों के नए-पुराने नाम



देशों के नये एवं पुराने नाम

| पुराना नाम | नया नाम | पुराना नाम | नया नाम |
|---|---|---|---|
| निप्पन | जापान | इंडोचीन | वियतनाम |
| फॉरमोसा | ताइवान | द०-प० अफ्रीका | नामीबिया |
| मस्कट | ओमान | गोल्ड कोस्ट | घाना |
| मेसोपोटामिया | ईराक | डच गुआना | सूरीनाम |
| कंपूचिया | कम्बोडिया | कामरूप | असोम |
| फारस | ईरान | प्राग्ज्योतिषपुर | असोम |
| श्याम | थाईलैण्ड | सिलोन | श्रीलंका |
| अदन | यमन | ताम्रपर्णी | श्रीलंका |
| ऑटोमन | तुर्की | वर्मा | म्यांमार |

*अंगोरा का नया नाम*
*अंकारा हो गया।*
*हमारा पड़ोसी बर्मा म्यांमार*
*प्यारा हो गया।।*

*मेडागास्कर मलगासी,*
*फोमोसा ताइवान।*
*बंग्लादेश को पहले बच्चों,*
*कहते थे पूर्वी पाकिस्तान।।*

*जंजीबार का नया नाम,*
*तंजानिया हो गया।*
*कम्बोडिया परिवर्तित हो,*
*कम्पूचिया हो गया।।*

*स्याम देश थाईलैंड हुआ,*
*मलाया बना मलेशिया।*
*डच ईस्ट इंडीज बदल कर,*
*बना गया इंडोनेशिया।।*

*गोल्ड कोस्ट का नया नाम,*
*अब घाना हो गया।*
*पर्शिया ईरान देश अब,*
*सुहाना हो गया।।*



रचना
सुहानी गौतम कक्षा-8
यूपीएस, चित्रवार,
ब्लॉक- मऊ, जनपद- चित्रकूट

# काव्यांजलि-दैनिक सृजन



दिनाँक- 06.11.2020 **906** दिन- शुक्रवार

## ट्रैफिक नियम

शहरों के चौराहों पर,
तीन तरह की जलती बत्ती।
आओ बच्चों तुम्हें बताएँ
सड़कों पर क्यों बनी है पट्टी।



यदि जली हो लाल बत्ती,
वहीं पे तुमको रुकना है।
पीली कहे तैयार रहो,
हरी जले तो चलना है।।

भीड़ बहुत रहती शहरों में,
लेकिन तुम न घबराना।
बायीं वाली पटरी पकड़ो,
आगे को बढ़ते जाना।।

मोड़ अगर तुम्हे मुड़ना हो तो,
एकाएक मत मुड़ जाना।
दाएँ, बाएँ, पीछे देखो,
फिर धीरे से मुड़ जाना।।

रचना-
संजना मिश्रा, कक्षा-8
यूपीएस, चित्रवार, मऊ, चित्रकूट



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## काव्यांजलि-दैनिक सृजन

927

दिनाँक- 09-11-2020

दिन- सोमवार

## हिमालय पर्वत



हमारा पहाड़ हिमालय है।
यह औषधियों का है।।
यहाँ गिरते हिम और पाला।
सूरज करता यहाँ उजाला।।

भारत का यह ताज है।
यहाँ ना आए आँच है।।
ऋषियों का यह वास है।
शंकर का आवास है।।

यहाँ पर रहते लोग सुखी।
कोई ना होता यहाँ दुखी।।
मौसम अच्छा रहता है।
सबका मन यहाँ रमता है।।

ग्रीष्म में आती है यहाँ बाढ़।
फूलों से लद जाते पहाड़।।
यह कराता है भारत में बरसात।
वर्षा ऋतु में आती है यहाँ घास।।

हमारा पहाड़ हिमालय है।
औषधियों का आलय है।।


••रचना••
संजना मिश्रा कक्षा-8
यूपीएस, चित्रवार,
क्षेत्र-मऊ, जनपद- चित्रकूट





शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान

शिक्षा का उत्थान

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

काव्यांजलि-दैनिक सृजन



975

दिनाँक- 13-11-2020

दिन- शुक्रवार

# लाल सूरज



लाल-लाल कन्दुक सा सूरज,
लाल-लाल ही लाली है।
सुबह-सुबह उगता पूरब में,
जैसे गोल सी थाली है।।

कलियों ने आँखे खोली हैं,
चिड़ियों ने गाना गाया।
मम्मी बोली- जागो बेटे!
देखो सूरज निकल आया।।

जल्दी उठो, स्कूल तुम जाओ,
तब आगे बढ़ पाओगे।
सुबह-सुबह जो सोते रहते,
आलस में समय गंवाएँगे।।

रचना:
सुष्मिता द्विवेदी (कक्षा- 8)
यूपीएस, चित्रवार
क्षेत्र- मऊ (चित्रकूट)



आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

## काव्यांजलि-दैनिक सृजन



1014

दिनाँक- 16-11-2020

दिन- सोमवार

## आ गए हैं दीप

रोशनी के गीत गाते,
गाँव, नगरों को सजाते,
और अंधियारे मिटाते,
आ गए है दीप...

हर गली, आँगन, छतों पर,
बाँट सन्देशा खतों पर,
व्यस्तताओं, फुर्सतों पर
छा गए हैं दीप...
आ गए हैं दीप...

रात के नीचे खड़ों को,
चूड़ियों, नथनी, कडों को,
आज हर छोटे-बड़ो को,
भा गए हैं दीप,,,
आ गए हैं दीप...


संकलन -
संस्कृति मिश्रा (कक्षा-6)
यूपीएस, चित्रवार,
क्षेत्र- मऊ, जनपद- चित्रकूट





आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान — मिशन शिक्षण संवाद — शिक्षक का सम्मान

# काव्यांजलि-दैनिक सृजन



1008

दिनाँक- 16-11-2020 दिन- सोमवार

## संकलित पहेलियाँ

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | बीच ताल में थोड़ा पानी।<br>उसमें नीचे लाल भवानी।। | उत्तर | पूड़ी |
| 02 | लाल घोड़ा अड़ा रहे।<br>काला घोड़ा भागता रहे।। | उत्तर | आग-धुआँ |
| 03 | चार चौकड़ी, मेन बाजार।<br>सोलह बेटी के एक दामाद।। | उत्तर | चौसर |
| 04 | जा को जोड़ बने जापान।<br>बड़े-बड़ों के मुँह की शान।। | उत्तर | पान |
| 05 | कद के छोटे कर्म के हीन।<br>बीन बजाने के शौकीन।। | उत्तर | मच्छर |
| 06 | मन्दिर में वो पूजा जाए।<br>राह मिले तो ठोकर खाए।। | उत्तर | पत्थर |

संकलन -
सुहानी गौतम कक्षा- 8
UPS, चित्रवार, क्षेत्र- मऊ
जनपद- चित्रकूट



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें। 9458278429



# मिशन शिक्षण संवाद

## बाल काव्यांजलि

बेसिक की बाल प्रतिभाओं का उन्नयन मंच

दिनांक: 16 नवम्बर 2020

दिवस: सोमवार

कक्षा: 7

विषय: इतिहास

## अकबर के नवरत्न

20



आओ बच्चों एक बात बतलाएं,
अकबर के नवरत्नों से मिलवाएं।

पहला है मुल्ला दो प्याजा,
मानसिंह और तानसेन न्यारा।



अगले हकीम, हुक्काम, बीरबल,
अबुल फ़ैज़ी और अबुल फजल।

अब्दुर्रहीम खानखाना,
टोडरमल का नाम था प्यारा।

रचनाकार

स्वाती केसरवानी (कक्षा-8)

मार्गदर्शक शिक्षक- आर० के० शर्मा
UPS चित्रवार
मऊ, चित्रकूट



शिक्षा का उत्थान

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

# काव्यांजलि-दैनिक सृजन



1018

दिनाँक- 17-11-2020

दिन- मंगलवार

## ओ माटी के दीपक

ओ माटी के दीपक तुमको,
शत-शत बार प्रणाम....

सूरज के वंशज कहलाते,
जपी-तपी, साधक-आराधक।
तरह-तरह के पवन झकोरे,
कभी नहीं बन पाते बाधक।।

ज्योतित, आलोकित करता यह,
रूप बहुत अभिराम।।
ओ माटी के दीपक..

झाँकी बाँकी लगे तुम्हारी,
दीवाली के शुभ अवसर पर।
सजकर पूजा की थाली में,
लगते हो कितने सुन्दर।।

महिमामयी मनोहर छवि से,
घर कहलाये धाम।
ओ माटी के दीपक तुमको....

संकलन -
श्वेता मिश्रा (कक्षा- 6)
यूपीएस, चित्रवार,
क्षेत्र- मऊ, जनपद- चित्रकूट



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान।

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

## काव्यांजलि-दैनिक सृजन

दिनाँक- 01.01.2021 | 1281 | दिन- शुक्रवार

### •••• कितना अच्छा है बाग ••••

बाग में कोयल कू-कू करती
हरा-भरा है बाग।
लोग आयें, नाचे, गायें,
कहें कितना अच्छा है बाग।।



चिड़िया बोली कू-कू-कू,
कितना अच्छा है बाग।
भौरें भी फूलका रस चूसे,
कहें कितना अच्छा है बाग।।

पूरे बाग में शोर मचा,
कहें कितना अच्छा है बाग।
बाग में कोयल कू-कू करती,
कितना अच्छा है बाग।।


रचना-
काजल तिवारी (छात्रा) कक्षा- 8
यूपीएस, चित्रवार,
क्षेत्र- मऊ, जनपद- चित्रकूट




शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद



शिक्षक का सम्मान

# काव्यांजलि-दैनिक सृजन

दिनाँक-08-01-2021 **1326** दिन- शुक्रवार



मेजर ध्यानचन्द था उनका नाम,
हॉकी खेलना था उनका काम।
भारत को विश्व सम्मान दिलाए,
वह हाकी के जादूगर कहलाए।।

हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल कहलाया,
हॉकी में भारत को पहचान दिलाया।
वही खिलाड़ियों के सरताज,
दद्दा के नाम से हैं विख्यात।।

मेजर ध्यानचन्द का जन्मदिन,
29 अगस्त को आता।
राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में,
भारत में मनाया जाता।।

रचना-

सुष्मिता द्विवेदी, कक्षा- 8 (छात्रा)
उ० प्रा० वि० चित्रवार, मऊ, चित्रकूट



# * संस्कृत भाषा में फलों के नाम *



आम्रम, आम, रसीला, ताजा,
सभी फलों का ये है राजा।
द्राक्षा अंगूर के गुच्छे तोड़ो,
माली आए, सरपट दौड़ो।।

अम्लिका इमली सबसे न्यारी,
खट्टी-मीठी, सबसे प्यारी।
कदली फलम् केला कहलाता,
पीला रंग है, सबको भाता।।

रचना-

विशाखा द्विवेदी, कक्षा-7 (छात्रा)
उ० प्रा० वि० चित्रवार,
क्षेत्र- मऊ, जनपद- चित्रकूट



शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## काव्यांजलि-दैनिक सृजन

दिनाँक- 30.01.2021

1458

दिन- शनिवार

## अकबर के नवरत्न

आओ बच्चों तुम्हें बताऊँ,
सुनलो मेरी बात।
अकबर के नवरत्नों को,
याद करो मेरे साथ।।

वीरबल की बुद्धिमानी,
तानसेन की राग।
अबुल फ़जल ने आईने-अकबरी,
नामक लिखी किताब।।

टोडरमल ने राजस्व के,
नए नियम थे बनाएँ।
मुल्ला दो प्याजा सलाहकार बन,
रोज सुझाव सुझाए।।




अबुल फैजी प्रसिद्ध कवि थे,
अकबर के नवरत्न।
हकीम-हुक्काम राज वैद्य थे,
स्वास्थ्य के करे प्रयत्न।।

रचना-


संजना मिश्रा कक्षा- 8 (छात्रा)
उ० प्रा० वि० चित्रवार,
क्षेत्र- मऊ, जनपद- चित्रकूट



आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद



## काव्यांजलि दैनिक सृजन

-दिनाँक- 23-02-2021 -दिन- मंगलवार

1594

## स्काउट

स्काउट तू चलता चल,
खुशियाँ साथ लेता चल।
विश्वासी, प्यारे, वफादार बन,
देश सेवक बनकर चल।।

तू विनम्र रहे जीवन में,
रणबाँकुरा बनकर चल।
प्रकृति-प्रेमी और पशु-मित्र,
अनुशासन में रहकर चल।।



बनकर सदा साहसी रहना,
फरिश्ता बनकर स्काउट चल।
मितव्ययी का उदाहरण बनना,
बनकर अच्छा स्काउट चल।।

अंत:करण तुम्हारा शुद्ध हो,
आगे स्काउट बढ़ता चल।
मन में, वचन में, सत्य प्रेमी बन,
उच्च शिखर पर चढ़ता चल।।


रचना-

सुहानी गौतम (छात्रा, कक्षा- 8)
उ० प्रा० वि० चित्रवार,
क्षेत्र- मऊ, जनपद- चित्रकूट



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद




## काव्यांजलि दैनिक सृजन

-दिनाँक- 24-02-2021 -दिन- बुधवार

1600

## सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा



लाल बत्ती कहे रुक जाओ,
पीली कहे तैयार रहो।
हरी जले तो चल देना है,
फिर न तुम इंतजार करो।।




सदा सड़क पे बाएँ चलना,
ट्रैफिक नियम का पालन करना।।
जब भी सड़क पार है करना।
दाएँ-बाएँ देखा करना।।





**रचना-**

संस्कृति मिश्रा (छात्रा, कक्षा- 6)
उ० प्रा० वि० चित्रवार,
क्षेत्र- मऊ, जनपद- चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद



## काव्यांजलि दैनिक सृजन

-दिनाँक- -दिन-
26-02-2021 शुक्रवार

1611

## पर्यावरण संरक्षण



आओ बच्चों आपको हम,
एक बात बतलाएँ,
पर्यावरण को स्वच्छ रखें,
धरती पर खुशहाली लाएँ।।

कूड़ा-करकट, पॉलिथीन,
डस्टबिन में डालेंगे।
कारखानों के धुएँ को,
अब और नहीं बढ़ने देंगे।।

स्वस्थ रखो पर्यावरण को,
सबको यही समझाएंगे।
पेड़ न काटो, पेड़ न काटो,
पर्यावरण बचाएँगे।।

पेड़ अगर तुम काटोगे तो,
अस्तित्व खतरे में डालेंगे।
पेड़ नहीं होगा भला तो,
जीवन कहाँ से पाओगे?

रचना :-
संजना मिश्रा (कक्षा- 8)
उ० प्रा० वि० चित्रवार
क्षेत्र- मऊ (चित्रकूट)



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद



## काव्यांजलि दैनिक सृजन

-दिनाँक- 12-03-2021 -दिन- शुक्रवार

1700

# मौसम

जब बादल काले आते हैं,
खूब पानी बरसाते हैं।
मोर नाच दिखाते हैं,
मेढ़क खूब टर्राते हैं।।




छाते सबके खुल जाते हैं,
बच्चे नाव तैराते हैं।
सर्दी, गर्मी या बरसात,
सारे मौसम हमको भाते हैं।।

बारिश, सर्दी, और गर्मी,
मौसम तीन बताते हैं।
चार महीनों में बच्चों,
मौसम बदल ये जाते हैं।।

रचना-





रचना:
प्रियंका त्रिपाठी (कक्षा- 8)
उ० प्रा० वि० चित्रवार
क्षेत्र- मऊ (चित्रकूट)


आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं। 9458278429

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद



## काव्यांजलि दैनिक सृजन

-दिनाँक- 13-03-2021 -दिन- शनिवार

1702

## आओ मिलकर पेड़ लगाएँ



आओ मिलकर पेड़ लगाएँ,
हरा-भरा ये देश बनाएँ।
वातावरण को स्वच्छ बनाकर,
सबका जीवन स्वस्थ बनाएँ।।

हम सबका यह फर्ज है बनता,
कम से कम एक पेड़ लगाएँ।
पल-पल बढ़ते प्रदूषण पर,
आओ मिलकर रोक लगाएँ।।






देते प्राणवायु ये जीवन,
दीर्घायु ये हमें बनाएँ।
आओ मिलकर पेड़ लगाएँ,
हरा-भरा ये देश बनाएँ।।

रचना- प्रियंका त्रिपाठी एवं ममता द्विवेदी कक्षा- 8 (छात्राएँ)
उ० प्रा० वि० चित्रवार, क्षेत्र- मऊ (चित्रकूट)

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद



## काव्यांजलि दैनिक सृजन

-दिनाँक- 20-03-2021 -दिन- शनिवार

1741

## ज्वालामुखी विस्फोट से हानियाँ



ज्वालामुखी उद्गार के द्वारा,
क्या होता नुकसान हमारा।
आओ बच्चों तुम्हें बताएँ,
कृषि फार्म नष्ट हो जाएँ।।

पशु-पक्षी है जाते मर,
नष्ट होते हैं, इससे भवन।
नदी-झील में लावा भरने के कारण।
उनमें आती बाढ़ अचानक।।



जंगल जलकर हो जाते नष्ट,
इससे होता मनुष्य को कष्ट।
जन-धन की हानि है होती,
ज्वालामुखी से आग निकलती।।




रचना-
*स्वाती केसरवानी (पूर्व छात्रा)*
*UPS, चित्रवार, ब्लॉक- मऊ*
*जनपद- चित्रकूट*

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद



## काव्यांजलि दैनिक सृजन

-दिनाँक- 26-03-2021 -दिन- शुक्रवार

1781

## राष्ट्रीय पुष्प कमल

तालाब, झील में खिल-खिल जाता,
राष्ट्रीय पुष्प कमल कहलाता।
सुन्दर प्यारा-प्यारा है,
राष्ट्रीय पुष्प हमारा है।।



देवी-देवताओं को खूब चढ़ाना,
हर मंदिर को इससे सजाना।
कीचड़ में यह खिल जाता है।
कमल सभी के मन को भाता है।।

रंग है इसके कई प्रकार,
सफेद, गुलाबी, नीला, लाल।
राष्ट्रीय पुष्प कमल कहलाता,
भारत से है इसका नाता।।


रचना:-
संस्कृति मिश्रा (कक्षा- 6)
उ० प्रा० वि० चित्रवार
क्षेत्र- मऊ (चित्रकूट)



आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं। 9458278429

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद




## काव्यांजलि दैनिक सृजन

-दिनाँक- 27-03-2021 -दिन- शनिवार

1785

## भारत में खनिज




बिहार, उड़ीसा M.P. में,
लोहा पाया जाता है।
ताँबा A.P., बिहार में,
बेचा खूब जाता है।।

मुक्त अवस्था में सोना,
कोलार खान कर्नाटक में।
M.P, C.G, बिहार, उड़ीसा,
एल्युमीनियम बहुतायत में।।

संगमरमर पाया जाता है,
M.P, राजस्थान में।
वैसे इसकी उपलब्धता,
सारे हिंदुस्तान में।।



रचना-
सुहानी गौतम कक्षा- 8 (छात्रा)
उ० प्रा० वि० चित्रवार,
क्षेत्र- मऊ, जनपद- चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

## काव्यांजलि-दैनिक सृजन

शिक्षक का सम्मान



दिनाँक- 01-04-2021

1841

दिन- गुरुवार

## राष्ट्रीय पशु बाघ

सबसे ताकतवर जाना जाता,
राष्ट्रीय पशु बाघ कहलाता।
तेजी से ये दौड़ लगाता,
भारत की है शान बढ़ाता।।



आओ इनका करें संरक्षण,
इनसे पर्यावरण सुरक्षित।
नहीं शिकार करो तुम मानव,
इनसे वन सम्पदा सुरक्षित।।



रचना-
विशाखा द्विवेदी कक्षा- 7
उ० प्रा० वि० चित्रवार
मऊ, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

## काव्यांजलि-दैनिक सृजन

दिनाँक- 02-04-2021

1851

दिन- शुक्रवार

## स्वच्छता



दुनिया में सबसे सुन्दर है,
स्वच्छता का काम।
साफ-सफाई घर की रखो,
तब चमकेगा नाम।।

खाने के पहले, शौच के बाद,
साबुन से हाथ धुलिये।
अपने बढ़ते नाखूनों को,
हर सन्डे काटते रहिए।।

गन्दगी से दूर रहो,
बीमारी से बच जाओगे।
साफ-सुथरे कपड़े पहनो,
राजा बाबू कहलाओगे।।

रचना-
विशाखा द्विवेदी कक्षा- 7
उ० प्रा० वि० चित्रवार
मऊ, चित्रकूट



शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

## काव्यांजलि-दैनिक सृजन

शिक्षक का सम्मान



दिनाँक- 03-04-2021

1853

दिन- शनिवार

# # बुद्ध की बात #



भाई चारे का जीवन अपनाओ तुम,
पवित्रता के साथ जीवन बिताओ तुम।
महात्मा बुद्ध की बातें अपनाएँ सब,
घृणा नहीं प्रेम का जीवन बिताएँ सब।।

सत्य, अहिंसा को जीवन में अपनाइये,
क्रोध की आग को विनम्रता से बुझाइए।
विशाल सागर की तरह गम्भीर बन जाओ तुम,
सहनशीलता की विनम्र मूर्ति बन जाओ तुम।।

तथागत के ज्ञान को, समझना जरूरी है।
बदलते परिवेश के साथ खुद को बदलना जरूरी है।।

रचना-
सुहानी गौतम कक्षा- 8
उ० प्रा० वि० चित्रवार
मऊ, चित्रकूट



शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

## काव्यांजलि-दैनिक सृजन

शिक्षक का सम्मान



दिनाँक- 05-04-2021


1862

दिन- सोमवार

# पृथ्वी के परिमण्डल




हमारे भूमण्डल को चार,
परिमण्डल में बाँटा जाता है।
इस पृथ्वी का ठोस भाग,
स्थल मण्डल कहलाता है।।




जो चारों ओर पृथ्वी को घेरे,
वायु मण्डल कहलाता है।
तीनों मण्डल जहाँ मिलते हैं,
जैव मण्डल कहलाता है।।

धरातल के पानी वाले भाग को,
जल मण्डल कहते हैं।
जल मण्डल में ही जानलो,
पानी वाले जीव रहते हैं।।


रचना-
श्वेता मिश्रा कक्षा- 6
उ० प्रा० वि० चित्रवार
मऊ, चित्रकूट




शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

## काव्यांजलि-दैनिक सृजन

शिक्षक का सम्मान



दिनाँक- 15-04-2021

1932

दिन- गुरुवार

## भारत के पड़ोसी देश

भारत के उत्तर में स्थित,
चीन, नेपाल, भूटान।
और पश्चिम में स्थित है,
पाक, अफगानिस्तान।।

म्यांमार और बांग्ला देश,
पूरब के पड़ोसी देश।
मालदीव और श्रीलंका,
भारत के पड़ोसी विशेष।।

सबसे अच्छे हो सम्बन्ध,
रहता प्रयास हमारा।।
वसुधैव कुटुम्बकम् का,
हमने दिया है नारा।।






रचना-
विशाखा द्विवेदी कक्षा- 7
उ० प्रा० वि० चित्रवार
मऊ, चित्रकूट

आओ हाथ से हाथ मिलायें बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

## काव्यांजलि-दैनिक सृजन

शिक्षक का सम्मान



दिनाँक- 19-04-2021

1950

दिन- सोमवार

# हे! सृष्टि के रचयिता....



मैं वीर बनूँ, मैं धीर बनूँ,
मानव का आत्मविश्वास बनूँ।
अच्छाई को सम्बल देकर,
हर बुराई को मैं परास्त करूँ।।

सब शत्रुता मिटाकर,
एकता का मान बनूँ।
भेद-भाव मिटाकर,
समस्या का समाधान बनूँ।।

हर दीन-दु:खी, निर्बल के,
मैं काम आ सकूँ।
दुनिया में अपने देश की,
पहचान बना सकूँ।।

हे! सृष्टि के रचयिता,
वरदान यही देना।
जीवन हो सबका सुखमय,
वरदान यही देना।।



रचना- सुहानी गौतम (कक्षा- 8)
उ० प्रा० वि० चित्रवार
मऊ, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## काव्यांजलि-दैनिक सृजन



दिनाँक- 22-04-2021

1971

दिन- गुरुवार

## Face हमारा प्यारा-प्यारा..

Face हमारा प्यारा-प्यारा,
लगता है ये सबसे न्यारा।
Neck माने गर्दन होती।
सुन्दर पहने माला, मोती।।

Finger उँगली बड़ी महान,
हाथों की होती है शान।
Hair हमारे घने व काले।
सिर की शोभा बढ़ाने वाले।।

Teeth हमेशा रखो साफ,
कीटाणु नहीं आयेंगे पास।
Head माने सिर कहते जाना,
इसमें बुद्धि का खजाना।।

Nose हमारी सबसे न्यारी,
हमें बतलाती खुशबू सारी।
Hand से करलो अच्छे काम।
बनेगी दुनिया में पहचान।।



रचना-
संजना मिश्रा, कक्षा- 8
उ० प्रा० वि० चित्रवार
मऊ, चित्रकूट



आओ हाथ से हाथ मिलायें बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## काव्यांजलि-दैनिक सृजन


दिनाँक- 24-04-2021

1980

दिन- शनिवार

## आओ रंगों को जानें

आओ हम रंगों को जानें,
English में इनको पहचानें।
Black कलर है काला-काला,
सब कलरों से जुदा, निराला।।



Saffron केसरिया सुहाना,
बलिदानी रंग भूल न जाना।
Green हरा हरियाली लाता,
Grey भूरा भी हमको भाता।।

Red से लाल टमाटर खाओ,
अपनी सेहत खूब बनाओ।
White सफेद शंख है डोले,
सुबह-शाम मंदिर में बोले।।

Violet बैंगनी बैगन बनाओ,
स्वादिष्ट सब्जी सबको खिलाओ।
Pink गुलाबी गुलाल होता,
बच्चों मुझको कलर ये भाता।।


रचना-

संजना मिश्रा, कक्षा- 7
उ० प्रा० वि० चित्रवार
मऊ, चित्रकूट




शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

## काव्यांजलि-दैनिक सृजन

शिक्षक का सम्मान



दिनाँक- 26-04-2021

1986

दिन- सोमवार

## कुछ वस्त्रों के संस्कृत नाम..

धौत वस्त्रम धोती कहलाती,
शाटिका साड़ी सबके मन भाती।
चद्दर उत्तरीयम को कहते,
उपाधनम तकिया को कहते।।





गद्दा तोषक तूलिका है,
गद्दी को कहते मर्दिका है।
रजाई कहलाती तूलपटी,
टोपिका कहलाती है टोपी।।

रचना-
सुष्मिता द्विवेदी, कक्षा- 8
उ० प्रा० वि० चित्रवार
मऊ, चित्रकूट



आओ हाथ से हाथ मिलायें बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

## काव्यांजलि-दैनिक सृजन

शिक्षक का सम्मान



दिनाँक- 27-04-2021

1996

दिन- मंगलवार

## हे! शिक्षक तुम्हें नमन...

महान हो तुम, गुणवान हो तुम,
ज्ञान की सदा से खान हो तुम।
शिष्यों का आधार हो तुम,
शिक्षा का संसार हो तुम।।

सोचो, यदि गुरु साथ न हो तो,
हम कैसे आगे बढ़ पायेंगे?
शिक्षा जब साथ न हो तो,
सिर्फ पशु कहलायेंगे।।

इस जग में तुम सा कोई नहीं,
सम्पूर्णता का वरदान हो तुम।
महान हो तुम, गुणवान हो तुम,
ज्ञान की सदा से खान हो तुम।।



KNOWLEDGE IS LIGHT

रचना- संजना मिश्रा (छात्रा, कक्षा-8)
उ० प्रा० वि० चित्रवार
मऊ, चित्रकूट



आओ हाथ से हाथ मिलायें बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## काव्यांजलि-दैनिक सृजन



दिनाँक- 28-04-2021

2000

दिन- बुधवार

## कवियों की रचनाएँ...

आओ बच्चों तुम्हें बताएं,
कवियों की रचनाएँ।
साखी, शबद, रमैनी,
कबीर दास की रचनाएँ।।

रघुवंशम् कालिदास की,
और मेघदूत है रचना।
बिहारी की सतसई,
बच्चों उत्तम रचना।।




राम चरित तुलसी की,
रचना है ये अद्भुत।
सूर सागर सूरदास की,
मन को करे हर्षित।।

मीराबाई के भक्ति पद,
भक्ति भाव उपजाए।
कवियों की रचनाएँ,
गाके हम सुनाएँ।।

रचना-
सुहानी गौतम (छात्रा, कक्षा-8)
उ० प्रा० वि० चित्रवार
मऊ, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



आओ हाथ से हाथ मिलायें बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

## काव्यांजलि-दैनिक सृजन

दिनाँक- 29-04-2021

दिन- गुरुवार

2005

## ज्वालामुखी के प्रकार

ज्वालामुखी के तीन प्रकार,
आओ जानें भली प्रकार।
जो आग उगलते रहते है।
सक्रिय ज्वालामुखी कहते हैं।।



सुप्तावस्था में है जो रहते।
सुप्त ज्वालामुखी है कहते।
मुँह से धुआँ निकलता रहता।
अंदर-अंदर सुलगता रहता।।

तीसरा ज्वालामुखी है शान्त।
जिसमें बन गयी झील प्रशांत।
पहले इनमें विस्फोट हुआ था।
लावा बाहर निकल गया था।



रचना-
विशाखा द्विवेदी कक्षा- 7
उ० प्रा० वि० चित्रवार
मऊ, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

## काव्यांजलि दैनिक सृजन

दिनांक- 19.05.2021

**2061**


दिन- बुधवार,

## बिटिया....

आसमान तक गयी है बिटिया,
इन पर निर्भर सारी दुनिया।
पढ़ने-लिखने से हम नहीं घबराते,
नामुमकिन को मुमकिन कर दिखाते।।








लाखों जुल्म हुए हैं हम पर,
उनका सामना हम किये हैं डटकर।
पढ़-लिख कर हम बनें महान,
दो परिवारों का करते हम निर्माण।।



रचना:-
स्वाती केसरवानी (पूर्व छात्रा)
उ० प्रा० वि० चित्रवार
क्षेत्र- मऊ, जनपद- चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान



दिनांक
31 मई
2021

## काव्यांजलि
1280

दिन
सोमवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा-6

विषय- विज्ञान

इकाई- 6


जीव-जगत

### औसत आयु





भौं-भौं करता कुत्ता बोले,
16-18 वर्ष है आयु।
बिल्ली 25-30 वर्ष जीती,
बोले म्याऊँ-म्याऊँ।।


30-40 वर्ष तक घोड़ा जीता,
खूब दौड़ लगाए।
70-90 वर्ष से ज्यादा,
हाथी जी न पाए।।




20-25 वर्ष में बन्दर की,
आयु पूरी हो जाए।
14-15 साल तक तोता,
टें-टें करता जाए।।

बरगद 100 से 200 वर्ष,
देता खूब छाया,
60-70 वर्ष तक मनुष्य,
फैलाये अपनी माया।।



रचना
कु० सुहानी गौतम (छात्रा) (कक्षा- 8)
उ० प्रा० वि०- चित्रवार
क्षेत्र- मऊ, जनपद- चित्रकूट

# बाल रचनाकार

सुहानी गौतम
संजना मिश्रा
स्वाती केसरवानी
संस्कृति मिश्रा
विशाखा द्विवेदी
सुष्मिता द्विवेदी
श्वेता मिश्रा
कौशकी द्विवेदी
ममता द्विवेदी
प्रियंका त्रिपाठी
काजल तिवारी

मिशन शिक्षण संवाद

संकलन सहयोग
रीना (स०अ०)
प्रा० वि० सालेहनगर
क्षेत्र- जानी (मेरठ)



मार्गदर्शन- आर० के० शर्मा

UPS, चित्रवार, मऊ (चित्रकूट)